उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग-1,
संख्या-102/2015/3656/92-1-2015-71(अधि0)/2014,
दिनांक: लखनऊ: 02 सितम्बर, 2015

कार्यालय-ज्ञाप

` ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अन्तर्गत अवर अभियंता से सहायक अभियन्ता के पदों पर पदोन्नति हेतु उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, उ0प्र, इलाहाबाद के पत्र संख्या-23/5/पी/एस-12/2013-14, दिनांक-23-5-2015 एवं पत्र संख्या-26/1/पी/एस-12/2015-16, दिनांक- 03-6-2015 द्वारा प्राप्त संस्तुतियों के आधार पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-77/2015/2676/92-1-2015-71(अधि0)/2014, दिनांक 09-7-2015 द्वारा चयनित अवर अभियन्ताओं को सहायक अभियन्ता के पद पर वेतनमान रू0-15600-39100, ग्रेड वेतन 5400 में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियमित रूप से पदोन्नति प्रदान की गयी है।

2- श्री कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव, अवर अभियन्ता (सिविल) की सहायक अभियन्ता के पद पर पदोन्नति हेतु लोक सेवा आयोग द्वारा सम्पन्न चयन समिति की बैठक दिनांक 26-5-2015 में की गयी संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में लोक सेवा आयोग के पत्र संख्या-26/1/पी/एस-12/2015-16, दिनांक- 03-6-2015 द्वारा श्री कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव, अवर अभियन्ता (सिविल) (ज्येष्ठता क्रमांक-565) को सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर पदोन्नति हेतु चयन वर्ष 2014-15 के लिये उपयुक्त पाया गया है। अत: लोक सेवा आयोग की उक्त संस्तुति के आधार पर श्री कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव, अवर अभियन्ता (सिविल) को सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर वेतनमान रू0-15600-39100, ग्रेड वेतन 5400 में उनसे कनिष्ठ श्री दया शंकर राय, अवर अभियन्ता (ज्येष्ठता क्रमांक-569) की सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर पदोन्नति की तिथि दिनांक 09-7-2015 से नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री श्रीवास्तव को उक्तवत पदोन्नति के फलस्वरूप, शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों पर देय मंहगाई भत्ता व अन्य भत्ता अनुमन्य होगा।

4- सहायक अभियंता के पद पर नियमित रूप से पदोन्नति के फलस्वरूप श्री कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव, अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ सम्प्रति अपनी वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही सहायक अभियंता के नव पदोन्नत के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे तथा कार्यभार प्रमाणक की प्रति शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

डा0 प्रभात कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-102/2015/3656 (1)/92-1-2015-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- मुख्य अभियन्ता (पूर्वी/पश्चिमी) ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को राजकीय गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
5- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6- सम्बन्धित मण्डलायुक्त।
7- सम्बन्धित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी।
8- सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
9- सम्बन्धित अधिकारी।
10- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(शिशिर कुमार यादव)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in